# हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, रविवार, 10 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


RERA APPROVE: PCGRERA060524001774




RERA APPROVED

## CHITVAN
★★★★★ Farm

फ़ार्म मतलब चितवन

# ज़मीन का वो टुकड़ा जो आँखों से उतर कर दिल में बस जाता है, चितवन कहलाता है.

**प्रीमियम लोकेशन पर फ़ार्म हाउस, कॉटेज और प्लॉट. जहाँ हरियाली, सुकून और सुविधाएँ, सब होंगी आपके आस-पास.**





- Yoga & meditation zone
- Picnic & barbecue spots
- Swimming pool
- Electricity & water supply
- On-site beautiful temple
- Kids play area

रायपुर रोड का पहला एकमात्र फ़ार्महाउस प्रोजेक्ट | फ़ायनेंस सुविधा उपलब्ध | Site Address: Manda Mod, NH 130, Bilaspur (C.G)

Concept & Design @AdPRAYAS

DCT Real Estate Developers ® Bilaspur (C.G.)
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT

# DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

**Red. Office:** Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)

**Contact for Site Visit & Booking :** 6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

FOR SITE VISIT

## खबर संक्षेप



### विधायक शकुंतला पोर्ते ने बच्चों को किया सम्मानित

**सोनगरा।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां कला में बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में सबसे पहले मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया. इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर विधायक शकुंतला पोर्ते द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।उन्होने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, फागु चक्रधारी, डिकलेश सिंह, लालसाय नेताम, संतोष यादव, रामचन्द्र गुप्ता, सुरेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र चक्रधारी, शुभम जायसवाल, अनुराग द्विवेदी, भुनेश्वर राजवाड़े, घनश्याम सिंह, सौरभ जायसवाल, बिन्देश यादव, प्रिन्स सोनी, उत्तम जायसवाल, सुमित्रा रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

### कुन्नी मंडल में तिरंगा यात्रा को लेकर हुई बैठक



**लखनपुर।** भाजपा मण्डल कुन्नी में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पूर्व सांसद कमलभान सिंह मरावी, राधेश्याम सिंह ठाकुर, विश्वनाथ गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में संगठनात्मक चर्चाएँ भी की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रवि महंत, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, भैया लाल साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अजय सोनी, आदित्य प्रजापति, कपिल राजवाड़े, श्याम लाल यादव, विफल लकड़ा, अभय वर्मा, प्रवीण यादव, पारस राजवाड़े, सत्यनारायण राजवाड़े, सुरेश सत्यदेव दास, नर्मदा यादव, सुभाष रतिया, बबली सिंह एवं अन्य सभी शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कठोर कारावास, लगाया गया अर्थदंड

**रामानुजगंज।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने थाना पस्ता में धारा 376, 506, 392 के तहत दर्ज मामले के आरोपी ग्राम झींगो निवासी अमर साय प्रजापति को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। पस्ता थाना में 23 अप्रैल 2017 को मामला पंजीबद्ध हुआ था। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 24 अप्रैल 2017 को सामान खरीदने राजपुर के बाजार में गई थी। बाजार में रिश्ते की बहन मिली जिसके साथ वह कर्रा मोड झींगो तक आई जहां उसकी बहन उसे छोड़कर अपने घर चली गई। पीड़िता बस का इंतजार कर रही थी तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और युवती से जाने के संबंध में पूछताछ की जिस पर युवती ने कोदोडीपा जाने की बात बताई। इसी बीच युवकों ने नेवता बांटने जाने की बात कहते हुए उसे रास्ते में छोड़ देंगे की बात कही। युवकों के झांसे में आकर युवती उनके साथ बाइक में बैठ गई। जिस पर युवकों ने उसे कुछ दूर आगे ले जाकर शाम करीब 6:30 बजे झींगो पहुंचकर एक लड़का उतर गया। पीड़िता को कोदोडीपा पहुंचने पर उसे नहीं उतारा और जबरन चौधरी गेट से अंदर गहनादाढ़ के जंगल में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले में प्रथम अपर एवं सत्र न्यायाधीश ने सजा सुनाई। शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक प्रमोद कुमार कश्यप द्वारा की गई।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चों का कर रहा था उपचार

# सफाईकर्मी के भरोसे संचालित हो रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**
- चिकित्सक, ड्रेसर नदारत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी से जूझ रहा है। आलम यह है कि अस्पताल में आने वाले सड़क दुर्घटना के मरीजों का उपचार अब चिकित्सक या ड्रेसर नहीं बल्कि सफाई कर्मी कर रहे है। इस अव्यवस्था से मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है जिसे लेकर मरीज के परिजन आक्रोशित है। हैरानी की बात तो यह है कि लगातार शिकायत के बाद भी ड्रेसर की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

बताया जा रहा है कि 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 अगस्त की दोपहर 2.30 से 3 बजे के बीच दो अलग अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटना में घायल हुए स्कूली बच्चों को भर्ती कराया गया था। इस दौरान अस्पताल में ना ही कोई इमरजेंसी डॉक्टर मौजूद थे और ना ही ड्रेसर मौजूद था। अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों की अनुपस्थिति के कारण सफाई कर्मी भोलू ने बच्चों की ड्रेसिंग कर प्राथमिक उपचार किया



घायल का उपचार करता सफाईकर्मी।

जबकि एक बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी। इस घटना के बाद बच्चों के परिजन काफी आक्रोशित थे। सफाईकर्मी के पास बच्चों के उपचार, मरहम पट्टी करने का अनुभव नहीं था ऐसे में परिजन को मजबूरन निजी अस्पताल जाना पडा। परिजन ने आरोप लगाया की अस्पताल में चिकित्सक और ड्रेसर मौजूद नहीं थे। ऐसे में हमने मजबूरी में मजबूरी में निजी क्लीनिक का सहारा लेना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंभीर मरीजों का इलाज सफाई कर्मियों, चपरासियों और नर्सों के भरोसे चल रहा है, जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ है।

कई बार क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टर और स्टाफ की कमी को लेकर प्रशासन को शिकायत और आवेदन दिए गए हैं लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्वास्थ्य केंद्र की यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। विदित हो कि अस्पताल में ड्रेसर एक चार पद स्वीकृत है लेकिन पदस्थापना सिर्फ एक ड्रेसर की हुई है। उक्त ड्रेसर भी कई बार अवकाश और अन्य कारणों से अस्पताल में उपलब्ध नहीं रह पाते है जिससे दिक्कत होती है।

**कराया गया है अवगत**

डॉक्टर व स्टाफ पर कमी कारण ऐसी स्थिति बनी हुई है। डॉक्टर, स्टाफ के लिए जनप्रतिनिधि को अवगत कराया गया है। जल्द ही डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर किया जाएगा।

-ओपी प्रसाद, बीएमओ



## सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

तहसील क्षेत्र इन दिनों लोग गंभीर सड़क सुरक्षा संकट से जूझ रहे है। एक मोबाइल कंपनी द्वारा हाल ही में तहसील से प्रतापपुर तक के मुख्य मार्ग पर इंटरनेट केबल बिछाने के लिए जगह-जगह खुदाई की गई। लेकिन खुदाई कार्य पूरा होने के बाद न तो गड्ढों को भरा गया और न ही बीच सड़क पर डाले गए मिट्टी और पत्थरों के मलबे को हटाया गया। इससे पूरे मार्ग पर यातायात पर असर पर पड़ा रहा है।

आज दोपहर तहसील कार्यालय के पास इस लापरवाही का नतीजा सामने आया। सड़क पर पड़े मिट्टी के मलबे से फिसलकर एक कार अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे के समय गाड़ी में कई यात्री सवार थे। गनीमत था की सभी को केवल हल्की-फुल्की चोटें आईं और एक बड़ा हादसा टल गया। चश्मदीदों के मुताबिक अगर गाड़ी की रफ्तार थोड़ी और तेज होती या सामने से कोई वाहन आ जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुदाई के बाद सड़क पर छोड़ा गया यह मलबा कई जगह ऊंचा-नीचा हो गया है, जिससे दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बढ़ गया है। बरसात के दिनों में मिट्टी कीचड़ में बदलकर और भी खतरनाक हो जाती है, वहीं रात के समय रोशनी की कमी में गड्ढों और मलबे को पहचानना मुश्किल हो जाता है।



## राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

राष्ट्रीय अभियान हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के मुख्य अतिथि में भाजपा कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तैयारी की समीक्षा करते हुए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने एवं गांव गांव तक तिरंगा यात्रा और हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पूरे जोश उत्साह एवं शान से लहराने कहा गया।

भाजपा मंडल कार्यालय में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला के प्रभारी एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, कार्यक्रम के सह प्रभारी भाजपा मंडल जरही के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा मंडल प्रतापपुर के मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत प्रतापपुर की प्रथम नागरिक नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापार प्रकोष्ठ अंबिका जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला सिंह कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह के साथ गांव में शक्ति केंद्र स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाए। कार्यशाला के दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सह प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

इस दौरान प्रफुल्ल गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, राम लखन सिंह, श्रीमती सुशीला गुप्ता, नंद यादव, कृष्णा सोनी, श्रीमती सीता पैकरा, श्रीमती नीलम रजक, रतीराम, चंद्रदेव सिंह, शिव रवि, राजनाथ सिंह, अशोक जायसवाल, विक्रम नामदेव, अजय जायसवाल, मोहन भोय, प्रेम पैकरा, पनाराम, हरिलाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगर में चल रहा अवैध शराब बिक्री का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- तस्कर अंग्रेजी शराब दुकानों से ही लेकर कर रहे सप्लाई

क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार चरम पर है। तस्कर बेखौफ होकर मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे है और मोटी कमाई कर रहे है। क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही शराब और नशे के सामान के कारण युवा वर्ग नशे की जद में जकड़ रहे है और क्षेत्र का माहौल दूषित हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने में पुलिस व आबकारी विभाग की टीम नाकाम साबित हो रही है।

शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए है और कार्रवाई भी हो रही है। वहीं लोगों को शासन द्वारा संचालित शासकीय अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों के माध्यम से शराब उपलब्ध कराई जा रही है ताकि अवैध कारोबार पर रोक लग सके लेकिन शराब माफिया शासन की मंशा पर पानी फेर रहे है। पहले तस्कर दूसरे राज्यों से शराब की बोतलें लाकर उनकी बिक्री करते थे लेकिन अब माफियाओं को दूसरे राज्य जाने की जरुरत नहीं पड़ रही है और शासकीय अंग्रेजी शराब दुकानों से ही बड़ी आसानी से देशी विदेशी शराब उपलब्ध हो जाती है और यह शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। कर्मचारी नियमों को ताक में रखकर उन्हें भरपूर माता में शराब उपलब्ध कराते है। नियम के तहत शराब दुकान से एक दिन में एक व्यक्ति को पौव्वा-अद्धी मिलाकर केवल 6 बोतल शराब देने का नियम है। जिसका शराब माफिया भरपूर फायदा उठाते है और थोड़े थोड़े अंतराल में शराब दुकान से काफी मात्रा में शराब इकट्ठी कर लेते है। शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारी एवं शराब माफियाओं के इस बेमेल सांठगांठ से ग्रामीण क्षेत्रों में शराब का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से फलने फूलने लगा है।

### पुलिस ने पकड़कर छोड़ा

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले पुलिस ने एक शराब माफिया को हिरासत में लिया था। गुतुरमा निवासी युवक के पास से भारी मात्रा में अंगेजी शराब जब्त किया गया था और पुलिस उसे पकड़कर थाणे ले गई लेकिन रात के समय ही युवक को छोड़ दिया गया। पुलिस ने युवक को किस आधार पर छोड़ दिया इसके बारे में अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पा रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चाचा-भतीजा की जोड़ी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है लेकिन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव पांडेय ने बताया कि ग्राम गुतुरमा निवासी सुनील अजगल्ले को पकड़ा गया था। जिसके पास से दो तीन बियर मिली थी। युवक को कार्रवाई के बाद छोड़ दिया गया था। पुलिस युवक और उसके रिश्तेदार पर निगरानी रख रही है।

खासकर गुतुरमा, मुरता, काराबेल, रजपुरी, सहनपुर, भुषु एवं अन्य कई गांव के किराना दुकान, गुमटी समेत होटल एवं ढाबों में अवैध शराब की बिक्री बेधड़क हो रही है। अवैध शराब कारोबार के कारण युवाओं, खासकर नाबालिग लड़को में नशे की लत बढ़ती जा रही है। शराब माफिया नाजायज फायदा उठाते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूल कर रहे है। शराब माफिया के बदौलत गांवों में आसानी से मिलने वाली शराब के वजह से युवक युवतियों में तेजी से अंग्रेजी शराब का चलन बढ़ता जा रहा है। जन्मदिन जैसे कार्यक्रमों में युवा पीढ़ी फिल्मी तर्ज पर शराब का सेवन करते है और गांव में जमकर हुड़दंग मचाते है। जिसकी वजह से गांव का माहौल दूषित होने के साथ मारपीट तक कि नौबत आ जाती है। क्षेत्र में शराब के बढ़ते अवैध कारोबार और युवाओं में बढ़ती शराब की लत से अभिभावक काफी परेशान है।

### सालाना दुर्गा पूजा बोनस को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू

**बिश्रामपुर।** कोयला कामगारों के बीच दुर्गा पूजा बोनस को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है।कामगारों को उम्मीद है कि इस साल बोनस की राशि एक लाख रुपए को पार करेगी। वर्ष 2024 में कोल इंडिया एवं अनुषांगिक सोसायटी के बिल्डर्स को 93 हजार 750 रुपए का स्टार्टअप बोनस का भुगतान हुआ था। कोल इंडिया लिमिटेड का वित्तीय वर्ष 2024-25 में कन्सिडेट प्रोफिट 37369.13 करोड़ रुपए था, जबकि 2023- 24 में कंसिडेट प्रोफिट 37302.10 करोड़ रुपए दर्ज थे। यानि 2024-25 में 2023-24 के थोक मुनाफे में 5.53 प्रतिशत की गिरावट आई है, फिर भी कोल इंडिया का प्रोफिट बेहतर है। इस दावे से कोल क्रिएटर्स को वर्ष 2025 का बोनस एक लाख रुपए के पार होने की उम्मीद है। सितंबर के पहले हफ्ते में बोनस को लेकर सीआईआईएलएम मैनेजमेंट यूनियन की बैठक हो सकती है।

### डाक सेवा बंद होने से व्यापारियों एवं ग्रामीणों पर पड़ रहा बुरा असर

**प्रतापपुर।** भारतीय डाक विभाग की बड़ी लापरवाही जहां डिजिटल करने के नाम से 1 से 4 अगस्त तक सभी सेवाओं को बंद किया गया था लेकिन अब 9 अगस्त हो गया है लेकिन अभी तक भारतीय डाक विभाग द्वारा सेवा प्रारंभ नहीं किया गया जिससे सैकड़ो लोग प्रभावित हो रहे हैं। रोज दूर राज से ग्रामीण सहित व्यापारी, विद्यार्थी विभिन्न कार्यों जिनमें मुख्य रूप से पत्र, पार्सल, मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट और विभिन्न बचत योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डाक विभाग कई सरकारी योजनाओं कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा भी सेवाएं प्रदान किया जाता है लेकिन भारतीय डाक इस तरह अचानक इतने दिनों तक बंद करना कहीं ना कहीं डाक विभाग की बड़ी लापरवाही दिख रही है जिसका खामियाजा जरूरतमंद ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है। बावजूद इसके डाक विभाग द्वारा लोगों की जरूरत और नियमों को ताक में रखकर सेवाओं को बहाल नहीं कर रही। लोगों का कहना है कि इतने साल बीत गए लेकिन विभाग की इतनी बड़ी समस्याओं से हम लोगों को जूझना नहीं पड़ा था लेकिन इस बार विभाग की लापरवाही के कारण कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। लोगों ने डाक सेवा जल्द बहाल किए जाने की मांग की है जिससे लोगों को राहत मिल सके।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CGHS से मान्यता प्राप्त
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज
सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
डॉ.चेतन चतुर्वेदी
MD General Medicine DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY EX. Okhla New Delhi
Ex. LLRM Medical College Meerutt
Ex. AIIMS Raipur
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -10 अगस्त 2025 दिन - रविवार
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM
(NIMHANS Bngalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 9, 10 अगस्त 2025, शनिवार, रविवार
समय - सुबह 10 - 3 बजे तक, शाम 5 - 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्चुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
MD, DM (Neurology)
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
संभाग का सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
Spare only 15 minutes and save one life
10 अगस्त 2025, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## पहाड़ी कोरवा की जमीन हड़पने वाले फरार आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन हड़पने और प्रताड़ति कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में फरार प्रमुख आरोपी विनोद अग्रवाल उर्फ मघु को सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दी है। बड़ी बात यह है कि एसपी बलरामपुर ने आरोपी के खिलाफ एलओसी जारी किया हुआ है जिसके बाद विनोद अग्रवाल कहीं भी फरार नहीं हो पाएगा।


बता दें कि बलरामपुर जिले के राजपुर अंतर्गत ग्राम भेस्की निवासी 65 वर्षीय भईरा राम आ. चुटरु पहाड़ी कोरवा ने 22 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस की जांच में यह बात सामने आई थी कि भू माफिया विनोद अग्रवाल उर्फ मघु व उसके भाई प्रवीण अग्रवाल ने मृतक के संयुक्त खाते की जमीन को धोखे से शिवा राम के नाम पर 14 लाख रूपए में फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के ग्रामीण की जमीन को कलेक्टर, एसडीएम की अनुमति के बिना ही बेच दिया गया। इस दौरान हल्का पटवारी ने बिना सक्षम अधिकारी के बिक्री चौहद्दी नक्शा बी-1 दिया गया और उप पंजीयक द्वारा बिना बिक्री अनुमति आदेश के ही पहाड़ी कोरवा की जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई। ग्रामीण की भूमि हथियाने के बाद उसकी जमीन और मकान को खाली करने के लिए इतना डराया धमकाया गया व मारपीट की गई कि ग्रामीण ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने विनोद अग्रवाल उर्फ मघु व अन्य आरोपियों के ⏭ शेष पेज 6 पर

### ग्रामीण ने प्रताड़ित होकर की थी आत्महत्या, फरार है विनोद अग्रवाल

#### जारी है लुक आउट सर्कुलर



बड़ी बात यह है कि फरार चल रहे विनोद अग्रवाल उर्फ मघु के खिलाफ पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) दो माह पहले ही जारी कर दिया था। लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद आरोपी यदि हवाई या जल मार्ग से कहीं भागने का प्रयास करता है तो उसे कस्टम डिपार्टमेंट एयरपोर्ट या बन्दरगाह से पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर देगा।



SUPREME COURT OF INDIA

#### जारी किया गया है एलओसी



आरोपी विनोद अग्रवाल की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हुई है। हम उसकी तलाश कर रहे हैं। आरोपी पर दस हजार का इनाम है और लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया है। उसके पास भागने के लिए ज्यादा रास्ते नहीं हैं।

**वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी

### सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी याचिका

बताया जा रहा है कि अपराध दर्ज होने के बाद से ही आरोपी विनोद अग्रवाल उर्फ मघु फरार चल रहा है और उसने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए जमानत याचिका दायर की थी। निचली अदालत, हाईकोर्ट में उसे जमानत नहीं मिली थी जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसका प्रमुख कारण है कि एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और विवेचना की थी। इसके साथ ही एसपी श्री बैंकर ने मामले में प्रवीण अग्रवाल आ. जोगी राम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल उर्फ मघु अग्रवाल आ. जोगी राम अग्रवाल, राजेन्द्र मिंज आ. विनोद मिंज, राजू कौशिक उर्फ धर्मपाल आ. दिवा राम, सुदामा उर्फ बाबूलाल आ. मोहित राम श्रीवास्तव, पिंटू उर्फ चतुर्गुण आ. विष्णुधारी के सिर पर 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

### खबर संक्षेप

#### ब्रम्हाशंकर बने मालवीय मिशन के अध्यक्ष



**अंबिकापुर।** पं. मदन मोहन मालवीय मिशन की बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रम्हा शंकर सिंह सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता के निवास पर शुक्रवार को मिशन की बैठक हुई। विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करने के उपरान्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन का सर्वसम्मत चुनाव कराने का सुझाव दिया। चर्चा उपरान्त सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने ब्रम्हा शंकर सिंह को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन वरिष्ठ सदस्य सुरेन्द्र गुप्ता एवं अन्य सदस्यों ने किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष ब्रम्हा शंकर सिंह 1967 में पीजी कॉलेज छात्रसंघ के अध्यक्ष, 1970 में पीजी कॉलेज बिलासपुर के छात्र संघ अध्यक्ष रहे तथा 25 वर्षों तक सम्भागीय शिक्षा समिति एवं शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से लेकर उप प्रांताध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। शासकीय सेवा से अवकाश ग्रहण करने के उपरान्त वे जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है।

#### खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सभाकक्ष में खनिज विभाग द्वारा खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा संभाग के सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, बलरामपुर और जशपुर जिलों से आए खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक, एफएमएस, खनि रियायतधारी एवं स्टॉकहोल्डर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पोर्टल के तकनीकी फीचर्स, उपयोग की प्रक्रिया, पारदर्शिता, इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस और हितग्राहियों को होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में खनिज ऑनलाइन 2.0 प्रोजेक्ट के प्रबंधक रूपरंजन ने बताया कि यह पोर्टल विभागीय कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश में खान एवं खनिज संसाधनों के समग्र प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया गया है, जिससे हितग्राही सीधे लाभान्वित होंगे।

#### जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा 14 सितंबर को

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायीक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन हेतु संभावित परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी 5 अगस्त से 27 अगस्त 2025 तक व्यापम के पोर्टल में पंजीयन उपरांत सबमिट कर सकते हैं। लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने हेतु पात्र नहीं होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संभागीय मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### पुलिस ने यूपी के बीजपुर से किया गिरफ्तार, युवक सकुशल बरामद

## लकड़ी तस्करों ने दिनदहाड़े किया युवक का अपहरण, मांगी 3 लाख की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

जिले में सक्रिय लकड़ी तस्कर अब अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम देने में उतर आए है। इस बात का खुलासा बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने यूपी के बीजपुर से एक युवक को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। मुखबिरी के शक पर तस्करों ने युवक का अपहरण किया था और 3 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि तीन की तलाश चल रही है।

**खास बात**
- मुखबिर की शंका पर दिया वारदात को अंजाम

बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर रजखेता निवासी विजय मरकाम आ.रामसिंगार गोड़ गांव में किराना दुकान संचालित करता है और युवक 6 अगस्त को घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान 7 अगस्त को विजय मरकाम ने अपने भाई बृजेश सिंह को फोन कर सूचना दी कि उसका अपहरण कर लिया गया है। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने विजय मरकाम से मोबाइल फोन छीन कर 3 लाख रुपए की मांग की और फिर फोन काट दिया गया। 8 अगस्त की सुबह 9 बजे फिर से बृजेश सिंह के पास उसके भाई के ही मोबाइल नम्बर से फोन आया और फिर से 3 लाख रुपए की मांग की गई। फिरौती के लिए फोन आने के बाद परिजन दहशत में आ गए और घटना की शिकायत बसंतपुर पुलिस से की। घटना की सूचना मिलने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस व साइबर सेल की टीम मोबाइल लोकेशन के आधार पर यूपी के लिए रवाना हुई थी।



पुलिस गिरफ्त में अपहरणकर्ता।

### मोबाइल टावर के पैनल रूम में छिपाया था

बसंतपुर वाड्रफनगर की पुलिस टीम यूपी के बीजपुर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने लोकेशन के आधार पर एक मोबाइल टावर के पैनल रूम से विजय मरकाम को बरामद किया। युवक को मोबाइल टावर के पैनल रूम में बंधक बनाकर रखा गया था। इस दौरान आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की थी। अच्छी बात यह रही कि एसपी ने समय रहते टीम को सक्रिय कर तत्काल यूपी के लिए रवाना कर दिया अन्यथा युवक की हत्या किए जाने की संभावना भी थी। युवक को बरामद करने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

#### लकड़ी का काम देखकर आने के नाम पर ले गए

विजय मरकाम को बरामद कर उससे पूछताछ की तो युवक ने बताया कि उसकी पहचान आरोपियों से एक अन्य युवक के माध्यम से हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने 6 अगस्त को उसे प्रेमनगर चौक पर मिलने के लिए बुलाया और फिर लकड़ी देखकर आने के नाम पर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 64 बीबी 0342 से अपने साथ बैठाकर ले गए। यूपी पहुंचने के बाद एक युवक कार से उतर गया जबकि दोनों आरोपी उसे अपने साथ लेकर बीजपुर में घूमते रहे और फिर कहा गया मोबाइल टावर के पैनल रूम में बंद कर दिया गया। इस दौरान वहां दो अन्य युवक भी आए थे। युवक के अनुसार अपहरणकर्ताओं ने मुखबिर करने के नाम पर उठाया था और नुकसान की भरपाई के लिए 3 लाख रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर जान से मारकर फेक देने की धमकी दी थी।

### तस्करों ने दिया वारदात को अंजाम

इस मामले में पुलिस ने यूपी के बीजपुर बाजारपारा निवासी निवासी 34 वर्षीय सद्दाम अंसारी आ. सगीर अंसारी व 26 वर्षीय रोहित कुमार चौरसिया आ. स्व. शम्भू चौरसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी रजखेता, चंदौरा सहित आस पास के जंगलों से पेड़ों की अवैध रूप से कटाई करने के साथ ही उसकी तस्करी उत्तर प्रदेश करते थे। आरोपियों को शंका थी कि विजय मरकाम ने मुखबिरी की थी जिससे उनको नुकसान हुआ। इस मामले में तीन अन्य तस्करों के शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 140 (1), 58, 61, 3 (5), 127(7) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार व मोबाइल फोन को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर जितेन्द्र सोनी, चौकी प्रभारी वाड्रफनगर धीरेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते, आरक्षक अनिल पण्डवार, विवेक कुमार सक्रिय रहे।

#### चल रही है जांच

लकड़ी तस्करों ने युवक का अपहरण किया था और फिरौती की मांग की गई थी। सूचना आने के बाद तत्काल टीम को सक्रिय कर यूपी रवाना किया गया और समय रहते पुलिस ने युवक को बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस मामले की जांच चल रही है।

**-वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी



## जान बचाने बेटी को गोद में लेकर भाग रही पहाड़ी कोरवा महिला को दंतैल ने पटका, बची दोनों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात मैनपाट में भ्रमण कर रहे 13 सदस्यीय हाथियों ने अलग-अलग दल में बंटकर जमकर उत्पात मचाया। मध्यरात्रि हाथियों का दल सीमावर्ती गांव खाल कंडराजा में अपने एक साल के बच्चे को गोद में लेकर भाग रही पहाड़ी कोरवा महिला को कीचड़ में पटक दिया। महिला एवं बेटे के कीचड़ में सने होने के कारण दंतैल आगे निकल गया जिससे दोनों की जान बच गई। हाथी के हमले में घायल मां-बेटी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में चल रहा है।

मैनपाट में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 सदस्यीय हाथियों का दल अलग-अलग बंटकर लगातार तबाही मचा रहा है। हाथी कभी मैनपाट के तराई क्षेत्र में पहुंचकर उत्पात मचा रहे हैं तो कभी मैनपाट के सरहदी कापू रेंज में पहुंच जा रहे है। बीती रात हाथियों का दल कपू जंगल के तराई क्षेत्र से सीमावर्ती ग्राम खाल कंडराजा की ओर तेजी से बढ़ रहा था। इस दौरान रोज की तरह वन विभाग की अलग-अलग चार टीमें वाहनों से हाथियों की निगरानी में निकली थी। सीमावर्ती ग्राम खाल कंडराजा कापू वन परिक्षेत्र के अंतर्गत है लेकिन मैनपाट का सरहदी गांव होने के कारण वन अमला हाथियों की निगरानी करने प्रायः गांव तक पहुंचता है। हाथियों के खाल कंडराजा की ओर अग्रसर होने की सूचना पर वनकर्मी प्रकाश राम यादव एवं सतीश यादव अन्य साथियों के साथ पहुंच जंगल किनारे कोरवापारा में निवासरत ग्रामीणों का घर खाली करा सुरक्षित स्थानों पर भेजा। इस दौरान गांव के सभी लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए। गांव के सुलेश्वर ने अपनी पत्नी सनियारो बाई को एक साल के बेटे इंजोर साय के साथ भागने को कहा लेकिन नशे में होने के कारण उसने पति की बातों पर ध्यान नहीं दिया। पति सुलेश्वर कोरवा पत्नी एवं बेटे को घर में ही छोड़कर गांव के अन्य लोगों के साथ भाग निकला। मध्य रात्रि 1 बजे हाथी कोरवा पारा पहुंचकर चिंघाड़ने लगे तो सनियारों बाई को अपनी एवं बेटे पर मंडराते खतरे का अहसास हुआ। वह बेटे को गोद में लेकर भागने लगी। सनियारों के भागने की आवाज सुनकर दल का दंतैल उसके पीछे दौड़ने लगा दंतैल को भागते देख दल के अन्य हाथी भी उसके पीछे भागने लगे। इस दौरान दंतैल ने महिला पर पीछे से हमला कर दिया जिससे महिला की गोद से बेटा छिटककर कीचड़ में जा गिरा तथा महिला भी गिरकर कीचड़ में सन गई। दोनों के कीचड़ में सने होने के कारण दंतैल हाथियों के साथ आगे निकल गया। हाथियों के जाने के बाद वनकर्मियों ने ग्रामीणों की ⏭ शेष पेज 4 पर

#### 27 हाथियों ने रौंदी धान की फसल

वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा में 30 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। 27 हाथियों का दल राजपुर के सीमावर्ती बघमरा जंगल में भ्रमण कर रहे है जबकि तीन हाथियों का दल असफला जंगल में मौजूद है। तीन हाथियों के दल ने अभी खास क्षति नहीं पहुंचाई है जबकि 27 हाथियों का दल लगातार धान की फसल को रौंद कर तबाह कर रहा है। बीती रात हाथियों ने 10 किसानों की 6 एकड़ से अधिक धान की फसल को रौंद दिया है। वन अधिकारी हाथियों के राजपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## कबाड़ से जुगाड़ के तहत स्वच्छता दीदियों ने लगाई कचरे से बनी सामग्रियों की प्रदर्शनी

**अंबिकापुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत घरो से निकलने वाले कचरे से स्वच्छता दीदियों ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत सजावटी सामग्रियां तैयार की है। समूह की दीदियों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए इन सजावटी सामानों का निर्माण किया और अब इन्हें गोधन इम्पोरियम में रखा गया है। समूह की महिलाओं द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को उत्साहित करते हुए कहा कि हस्त निर्मित इन सजावटों सामग्रियों की दर तय की जाए और इन्हें नियमित रूप से एम्पोरियम में रखा जाए जिससे इसकी बिक्री कर स्वच्छता दीदियों को आर्थिक लाभ हो सके और वे खुद को शसक्त बना सके। बता दें कि वर्तमान में घर घर तिरंगा और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम द्वारा भी पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में स्वच्छता दीदियों द्वारा गांधी स्टेडियम्स थित एम्पोरियम में कबाड़ से जुगाड़ की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शन का महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व ननि पार्षदों ने अवलोकन किया। बड़ी बात यह है कि समूह की महिलाओं द्वारा डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के तहत लोगों के घरों से एकत्रित किए गए प्लास्टिक कचरे, कांच व प्लास्टिक की बोतल, बल्ब सहित अन्य सामग्रियों से सजावटी सामान बनाए गये है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कचरे से विभिन्न उत्पाद बनकर पुनरुपयोग को बढ़ावा देना है। कबाड़ से जुगाड का उत्कृष्ट कार्य स्वच्छता दीदियों द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण पर पहुंची महापौर श्रीमती भगत ने स्वच्छता दीदियों के कार्यों की सराहना कि और उन्हें ⏭ शेष पेज 4 पर

- महापौर ने किया निरीक्षण, दीदियों के कार्यों को सराहा





### ग्रामीणों ने भी की शिकायत, रूपपुर का मामला

## शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे प्रधान पाठक, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

तस्वीर में नजर आ रहा शख्स कोई सामान्य ग्रामीण नहीं बल्कि एक प्रधान पाठक है। प्रधान पाठक का नाम मनमोहन सिंह है जो शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच गए थे। यह कोई पहला मामला नहीं है जब शिक्षक शराब के नशे में स्कूल आया हो। इस बार शिक्षक ने सभी हदें पर कर दी और नशे में और टीशर्ट हाफ-पैंट में ही स्कूल पहुंच गए। अब शिक्षक की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है जिसके बाद हड़कंप मच गया है। बीईओं ने इस मामले में जांच कर प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव डीईओ को भेज दिया है। अब देखना यह है कि इस तरह के आचरण करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई होती है या नहीं।

यह पूरा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत रूपपुर के प्राथमिक शाला का है। प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक मनमोहन सिंह शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान वे एक सामान्य परिधान के बदले टीशर्ट और हाफ पैंट में ही स्कूल आ गए और अपने कक्ष में टेबल पर पैर चढ़ाकर बैठे रहे। इतना ही नहीं वे स्कूल में शराब के नशे में ही बच्चों को पढ़ाते नजर आए। शिक्षक के इस तरह के आचरण का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जब शिक्षक से इस बारे में पूछताछ की गई तो वे ⏭ शेष पेज 4 पर



शराबी प्रधानपाठक।

#### पहले भी आ चुके है नशे में स्कूल

यह कोई पहला मामला नहीं है जब शिक्षक मनमोहन सिंह इस तरह शराब के नशे में स्कूल आए हो। शिक्षक इसके पहले भी शराब के नशे में स्कूल जा चुके है। शिक्षक के इस व्यवहार का बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है ऐसे में शिक्षक को पूर्व में भी दो से तीन बार कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब बीईओ ने इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई के लिए प्रस्ताव डीईओ डीएन मिश्रा के पास भेजा गया है।

#### भेजी गई है जांच रिपोर्ट

प्रधान पाठक को पहले भी नोटिस जारी किए गए थे। घटना को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

**-श्याम किशोर जायसवाल**
बीईओ

## अजबनगर राशन दुकान से हजारों रुपए के राशन सामानों की हुई चोरी

**बिश्रामपुर।** ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने बीती रात दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए के राशन सामान की चोरी कर ली है।यह एक सुनियोजित वारदात लग रही है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजबनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बीती रात करीब पौने तीन एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा रेकी करते हुए अपने पीछे पिकअप वाहन को साथ लेकर पहुंचा और दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे करीब 27 क्विंटल चावल, एक क्विंटल शक्कर,और चना ले उड़े। यह खाद्यान्न न सिर्फ 16 एपीएल परिवारों के लिए था, बल्कि स्कूलों के बच्चों के मध्याह्न भोजन योजना के लिए भी संग्रहित किया गया था।घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार की सुबह जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।सुरजपुर जनपद के उपाध्यक्ष मनमत बछाड़,अजबनगर सरपंच पति नैनसाय सिंह, पंच शंकर यादव,अर्जुन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे।इस पूरे घटनाक्रम की सूचना खाद्य विभाग को भी दे दी गई है।पुलिस को शक है कि यह चोरी स्थानीय जानकारी रखने वाले लोगों की मिलीभगत से की गई है।फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।



## खबर संक्षेप

### कार ने महिला को मारी टक्कर, चालक फरार

बैकुण्ठपुर। जिले के पोड़ी बचरा चौकी अंतर्गत ग्राम जिल्दा सरनापारा निवासी समुद्री बाई को पोड़ी-बचरा रोड में अजय रजक के घर के सामने तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। कार क्रमांक बीआर 06 सीपी 9073 का चालक वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। टक्कर लगते ही चालक मौके से फरार हो गया। घटना में समुद्री बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पोड़ी अस्पताल लाया गया, जहां उनके सिर, होंठ और शरीर में अंदरूनी चोटें पाई गईं। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय महिला की बेटी चंद्रावती भी गांव में नहीं थी और ईश्वर प्रसाद गोस्वामी को हादसे की सूचना ग्रामीण श्रवण कुमार ने दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 184 एलकेएस, 125 (ए), बीएनएस, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### दिनदहाड़े ताला टूटा, 30 हजार का सामान गायब

पटना। जिले के ग्राम कसरा में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी श्रीमती राजकुमारी नागदोली खेत-बाड़ी के काम से घर से निकलीं। करीब 3 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा है। अज्ञात चोर आलमारी से 1 नग सोने का मंगलसूत्र कीमत 5,000, बच्चों के सोने के टाप्स 4,000, चांदी की पायल 3,000, चांदी की चेन 1,000, 2 नग चांदी के कड़े 1,000 और एक अन्य चांदी की चेन 1,000 समेत कुल लगभग 15,000 रूपए के आभूषण और 15,000 रूपए नकद पार कर गए। चोरी का कुल मूल्य लगभग 30,000 रूपए आंका गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने अपने पति अनुपम को बुलाया और आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला, तब दोनों ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 305 (ए) बीएनएस, 331 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मनेन्द्रगढ़ के विकास को लेकर बढ़ी निराशा

मनेन्द्रगढ़। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र



लिखकर मनेन्द्रगढ़ में विकास कार्यों से जुड़ी उपेक्षा और क्षेत्र में युवाओं, बुद्धिजीवियों तथा व्यवसायियों में बढ़ रही निराशा पर गंभीर चिंता जताई है। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में तीन प्रमुख मुद्दे उठाए हैं। इनमें सेंट्रल लाइब्रेरी का स्थान परिवर्तन, शासन द्वारा जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में नालंदा परिसर की तरह सेंट्रल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 441 लाख रूपए स्वीकृत किए गए थे। इसकी घोषणा स्वयं मंत्री श्री जायसवाल ने नगरपालिका चुनाव के दौरान की थी, किंतु हाल ही में आई खबरों के अनुसार इसे चिरमिरी में स्थापित किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने इसे मनेन्द्रगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार बताया। पूर्व में मनेन्द्रगढ़ में 32 करोड़ रूपए की लागत से 220 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन अब इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को अपग्रेड कर स्थापित करने की योजना बताई जा रही है। श्री अग्रवाल के अनुसार इतने बड़े अस्पताल के लिए स्वतंत्र भवन, पार्किंग, स्टाफ क्वार्टर आदि जरूरी हैं और मौजूदा स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में यह संभव नहीं है। श्री अग्रवाल ने बताया कि नया जिला कार्यालय भवन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बजाए चैनपुर के पास विद्युत स्टेशन के समीप बनाए जाने का निर्णय अव्यवहारिक है।

### मनरेगा की मदद से आत्मनिर्भरता की मिसाल बने प्रभुदास

बैकुण्ठपुर। अगर मेहनत में ईमानदारी हो और समय पर सहायता मिले, तो कोई भी सफलता दूर नहीं रहती। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है ग्राम पंचायत कसरा के निवासी प्रभुदास ने, जिन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की मदद से पशुपालन को व्यवसाय बनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है।

### जिलेभर में हर्षोल्लास से मना रक्षाबंधन का त्यौहार

# भाइयों की कलाइयों में बंधी विश्वास और प्रेम की डोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया और एमसीबी जिले में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन बहनों के द्वारा अपने भाईयों के कलाई में रक्षासूत्र बांधा गया। राखी पर्व को लेकर बहनों में उत्साह बना रहा और रक्षाबंधन के दिन कई बहनों ने राखी बांधने के लिए यहां-वहां जाते दिखाई दिए, इसके कारण ऑटों एवं बसों में आने-जाने वालों की संख्या अधिक रही।

रक्षाबंधन पर्व पर विभिन्न तरह के गिफ्ट की खरीदी भी जमकर की गई। इससे बाजारों में रौनक और घरों में त्योहार की मिठास ने भाई-बहन के प्रेम के रंग में रंग दिया। इस बार रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग, सौभाग्य योग का संगम के साथ मनाया गया, क्योंकि रक्षाबंधन



पर भद्रा का साया नहीं रहा, ऐसे में पूरे समय राखी बांधने का मौका मिला। रक्षाबंधन पर्व को लेकर कई दिनों पूर्व से जिला मुख्यालय बैकुंठपुर समेत आसपास इलाकों के बाजार गुलजार थे। राखी के एक दिन पूर्व भी बहनों द्वारा राखी खरीदी के लिए जुटे हुए थे। इस वर्ष शहर में कुमार चौक से लेकर भाजपा कार्यालय तक सड़क किनारे राखी की दुकानें काफी संख्या में लगी थीं, ताकि जरुरत की हिसाब से बहनें अपनी खरीददारी कर सकें।

### बुजुर्ग भाइयों की कलाइयों पर सजी राखी



भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा और समर्पण के पर्व रक्षाबंधन को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस बार कुछ खास अंदाज में मनाया। वे अपने शासकीय आवास से सीधे बैकुंठपुर के वृद्धाश्रम पहुंचीं और वहां मौजूद बुजुर्ग भाई-बहनों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने सभी के माथे पर तिलक लगाया, दीप आरती कर पूजा की और एक-एक कर करीब 10 बुजुर्ग की कलाई पर राखी बांधी। जैसे ही रक्षा सूत्र बुजुर्गों की कलाइयों पर सजा, उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। भावुक होकर उन्होंने कहा कि हमारे पास देने को कुछ नहीं, पर आशीर्वाद है कि आप खूब आगे बढ़ो और नाम कमाओ। इस पर कलेक्टर भी भावुक हो गईं और बोलीं आज जो भी हूं, मेहनत के साथ आप जैसे बुजुर्गों के आशीर्वाद का ही फल है। बातों-बातों में एक बुजुर्ग ने संकोच से कहा कि पिछली बार आचार भेजा था, इस बार भी भेज देतीं तो अच्छा लगता। यह सुनते ही कलेक्टर ने तुरंत अपने घर से खुद का बनाया आचार भेजा और बुजुर्गों को शाल, फल, मिठाई भी वितरित की। कलेक्टर ने कहा कि यहां रहने वाले सभी बुजुर्ग मेरे परिवार जैसे हैं। उनकी देखभाल हमारी जिम्मेदारी है और राखी बांधने का यह अवसर मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## दिव्यांग बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन, पेड़ों को बनाया भाई

मनेन्द्रगढ़। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित दिव्यांग विद्यालय में इस बार रक्षाबंधन का पर्व एक खास अंदाज में मनाया गया। प्रबल स्त्री फाउंडेशन ने एक पेड़ भाई-बहन के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और पौधों को राखी बांधकर यह संदेश दिया कि भाई-बहन का रिश्ता केवल इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति और पेड़-पौधों से भी उतना ही गहरा हो सकता है।

राखी बांधने के बाद संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि सोनकर और सदस्यों ने विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रहे दिव्यांग बच्चों को रक्षासूत्र बांधा, उनकी आरती उतारी और मिष्ठान खिलाया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा गाए गए भजन-गीतों से हुई, जिन्हें सुनकर उपस्थित सभी लोग भाव-विभोर हो गए। डॉ. सोनकर ने कहा कि ये बच्चे हमारे नगर के हैं, भले ही अपने घर नहीं जा पाते, लेकिन हम इन्हें हर खुशी देना चाहते हैं जो एक बहन अपने भाई को देती है। हमारी कोशिश है कि किसी की भी कलाई सूनी न रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार मृत्युंजय सोनी ने कहा कि पेड़ धरती के सच्चे रक्षक हैं। गर्मी, बारिश, तूफान से बचाते हैं, फल-



फूल-छांव देते हैं और पर्यावरण को जीवंत रखते हैं। यही कारण है कि संस्था ने यह अभियान शुरू किया है, ताकि पेड़-पौधों को भी भाई की तरह मानकर उनकी देखभाल की जाए। नेत्रहीन और अन्य दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर इस अनोखे रक्षाबंधन ने मुस्कान बिखेर दी। इस दौरान एसके निगम, महेश्वरी सिंह, जेके सिंह, डॉ. तेजकांत सोनकर, सतीश उपाध्याय, मृत्युंजय सोनी, हीरालाल रजक, रोशनी मिश्रा, गौरव मिश्रा, प्रवीण यादव, राकेश गुप्ता, अशोक खटीक, स्वाति मिश्रा, अलका विश्वकर्मा, कुसुम जायसवाल, नीलम सोनी आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में राखी निर्माण

मनेन्द्रगढ़। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व को विशेष उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी मोतियों, चमकीले गोटे, रिबन और फूल-पत्तियों से सजी राखियों ने सबका मन मोह लिया।



विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कक्षा में बल्कि मंच पर भी अपने कार्य को गर्व से प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, भाई-बहन के प्रेम और पारंपरिक कला के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्या ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व का महत्व समझाया और भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास, स्नेह और सुरक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा और सभी विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन को मिलजुलकर मनाया।

### 13 सालों से निभ रहा स्नेह का वचन



रक्षा बंधन पर्व ने कई अनूठी मिसालें भी पेश कीं। शहर के बाईसागरपारा निवासी आशीष डबरे की जुड़वा बेटियां कृतिका और कनिष्का ने अपने पापा के बचपन के मित्र जावेद अहमद के बेटे रेहान और शम्मी की कलाई पर राखी बांधकर 13 वर्षों से चले आ रहे भरोसे और स्नेह के रिश्ते को फिर जीवंत किया। यह परंपरा लगातार निभाई जा रही है, जो आपसी प्यार, अपनापन और भाई-बहन के रिश्ते की अनूठी मिसाल है।

### पूर्व नपाध्यक्ष ने डोर-टू-डोर बहनों से बंधवाई राखी



रक्षाबंधन पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल और पार्षद साधना जायसवाल ने नगर पालिका में कार्यरत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली बहनों से राखी बंधवाई। इस अवसर पर सभी ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और सम्मान के संदेश को साझा किया।

## निकली रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। सर्व आदिवासी समाज जिला एमसीबी के तत्वावधान में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह सांई मंदिर सिविल लाइन से हुई, जहां समस्त सामाजिक बंधुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजा उपरांत नगर के चौक-चौराहों और मुख्य बाजार से गुजरते हुए भव्य रैली का आयोजन किया गया, जो कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। कार्यक्रम के शुभारंभ में समाज और देश के महापुरुषों की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक गुलाब कमरो, विशिष्ट अतिथिपूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, डॉ. एसएस सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती ममता सिंह, भगत बाबू, जानकी देवी कुसरो अध्यक्ष जनपद पंचायत, सरपंच सोनू सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय शंकर ने कहा कि हमें जल, जंगल, जमीन को बचाना है। केते-परसा कोल ब्लॉक के चलते हमारे जंगल कट रहे हैं। हमें अपने हक को जानना और समाज में एकजुट रहना आवश्यक है। पढ़-लिखकर हमें समाज से दूर नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि मेरा बचपन आदिवासी समाज के साथ बीता है। समय के साथ समाज की स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। आज हमारे मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति भी आदिवासी समाज से हैं, जो गर्व की बात है। मैं चाहता हूं कि समाज और आगे बढ़े और तरक्की करे। रामनरेश पटेल ने आदिवासी समाज के महापुरुषों को याद किया और नमन किया।

■ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

यह दिन हमारे लिए हर्ष का दिन है, आदिवासी दिवस इसलिए मनाया जाता है कि यह दिन हमारी प्राचीन सभ्यता और अपने अधिकारों के बारे में जानने का दिन है।

### समाज की सेवा ही मेरा संकल्पः सिन्हा

मनेन्द्रगढ़। जिस विश्वास और आस्था के साथ समाज के लोगों ने मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाते हुए मैं समाज को और अधिक मजबूत बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा। मेरा लक्ष्य है कि हमारा समाज अपने सेवा भावी कार्यों के माध्यम से पूरे प्रदेश में अपनी विशेष पहचान बनाए। यह उद्गार कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त अध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा ने समाज के समक्ष व्यक्त किए। गत दिनों कायस्थ महासभा की विशेष बैठक श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत परंपरागत ढंग से भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना और विश्व शांति की मंगल कामना के साथ हुई। बैठक में समाज के अन्य वरिष्ठजन एवं सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्वसम्मति से कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। उपस्थित सभीजन ने एक स्वर में नगर के युवा पार्षद स्वप्निल सिंह का नाम युवा अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया, जिसका सभी लोगों ने स्वागत किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के संबंध में भी रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर श्याम सुंदर निगम, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, राजेश सिन्हा, विकास श्रीवास्तव, राजीव, बृजभूषण श्रीवास्तव, डॉ. निशांत श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, श्रेयस श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, कृष्णा कुमार, पवन श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, पंकज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# वी क्लब ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

वी क्लब ऑफ इंडिया, वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण द्वारा सुरभि पार्क में सावन उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।

क्लब अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक मनोरंजन गेम, झूला, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता सहित कई रोचक गतिविधिया आयोजित की गइं। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में अर्चना गोयल विजेता बनीं, जिन्हें ताज पहनाकर और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार अर्चना अग्रवाल और द्वितीय पुरस्कार मीरा गुप्ता ने प्राप्त किया। कृष्ण लीला के विशेष कार्यक्रम में कृष्ण जी की भूमिका मंजू गोयल ने निभाई, जिसे सभी ने खूब सराहा।



पम्मी अरोड़ा ने कहा कि हम हर त्योहार धूमधाम से मनाते हैं और आगे भी इसी तरह मनाते रहेंगे। कार्यक्रम में फ्रेंडशिप डे भी मनाया गया। इसमें सभी ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर गले मिले और अंताक्षरी प्रतियोगिता का आनंद लिया। बेबी मखीजा ने अपनी मधुर आवाज से सुंदर गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्य पम्मी अरोड़ा, बेबी मखीजा, मधु जैन, रश्मि जायसवाल, प्रीति जायसवाल, मंजू गोयल, मीनू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, नीलम कलरा, पूनम शाह, अर्चना अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्लब हर त्योहार को उत्साह और एकता के साथ मनाकर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## कलेक्टर डॉ कन्नौजे आकस्मिक निरीक्षण से रख रहें बच्चों का ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बिलाईगढ़ए 8 अगस्त 2025 कलेक्टर डॉ संजय कन्नौज के आकस्मिक निरीक्षण से लापरवाह और समय पर नहीं पहुंचने वाले स्कूल प्राचार्य, प्रधानपाठक, छात्रावास अधीक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और शिक्षक के मन में एक डर का माहौल है कि न जाने कब कलेक्टर आ जाए। वहीं कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे जिले के स्कूल, आश्रम छात्रावास आदि में अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर मुलाकात और आकस्मिक निरीक्षण कर उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और खानपान की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने बुधवार को गुडेली, गोडम, फरसवानी और हरदी में आयोजित पालक शिक्षक मीटिंग की तैयारी का आकस्मिक अवलोकन किया। इन सभी हाईस्कूलों में पालकों की कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अपने कार्य के प्रति लापरवाह सभी प्राचार्यों को कलेक्टर के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार जीवविज्ञान के व्याख्याता उमा चौहान ने अब तक कोर्स के मुताबिक अध्ययन नहीं कराई है इसलिए उन्हें भी नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने गुडेली हाईस्कूल में बच्चों को विश्व जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले कारक और ओम का नियम पूछकर अन्य बच्चों से जांच करने के लिए अवसर दिए। इसी प्रकार वे क्या बनना चाहते हैं क्या रुचि है आदि पूछकर उनसे संवाद कर जानकारी लिए। इसी प्रकार शुक्रवार 8 अगस्त को सुबह 10 बजे कलेक्टर ने शासकीय उच्च प्राथमिक शाला विद्यालय माधोपाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे शिक्षक से कैसे अंग्रेजी समझाते हो पूछकर शिक्षक के पढ़ाने के शैली का अवलोकन किया वहीं ब्लैक बोर्ड में लिखे शब्दों को पढ़ाकर कलेक्टर ने बच्चों के ज्ञान को परखा। साथ ही कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन स्वादिष्ट और समय पर मिलता है कि नहीं की जानकारी लेकर उनके खानपान की स्थिति का जायजा लिया।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना पर ध्यान देने की जरुरत

# बच्चों की थाली से सब्जियां गायब, मीनू का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना का हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार उक्त योजना के तहत प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन विद्यार्थियों को प्रदाय किया जा रहा है, इसके लिए प्रतिदिन की मीनू निर्धारित है, इसके अनुसार प्रतिदिन का भोजन बनाना होता है, लेकिन वर्तमान में विभिन्न स्कूलों को लेकर शिकायत है कि स्कूली बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। बच्चों की थाली में हरी सब्जी गायब हो गई है।

शिकायत है कि कई स्कूलों में बच्चों को इन दिनों केवल आलू बड़ी, आलू मटर व आलू की भुजिया बनाकर परोसी जा रही है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में महंगी सब्जियों के चलते समूह हरी सब्जी नहीं दे रहे हैं, जबकि निर्धारित मीनू में तीन दिन हरी सब्जियां देने का उल्लेख है। इस तरह स्कूलों में मध्यान्ह भोजन जैसे तैसे चल रहा है। यदि वर्तमान में विभिन्न प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन वितरण के दौरान अधिकारी निरीक्षण करें तो उन्हें असलियत का पता चलेगा, लेकिन अधिकारी या सीएससी उक्त अवधि में जब मध्यान्ह भोजन वितरण किया जाता उस दौरान पहुंच कर मध्यानह भोजन का निरीक्षण नहीं करते, बल्कि प्रधान पाठक कार्यालय में बैठकर निरीक्षण की खानापूर्ति कर रहे हैं। शाला प्रमुख एवं विभागीय अधिकारी के लापरवाही के कारण स्कूली बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं मिल रहा हैं, जो गंभीर मामला है।

### थाली में सब्जी की मात्रा हुई कम

स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन में बच्चों को तय मात्रा से भी कम मात्रा में सब्जी परोसी जा रही है और केवल दाल से ही भोजन कर रहे हैं। छोटे बच्चो के थाली में थोड़ी सी सब्जी दी जाती है, जिसमें किसी तरह भोजनन करते हैं, जबकि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को निर्धारित मात्रा में सब्जी देने का उल्लेख मध्यान्ह भोजन मीनू में किया गया है, ऐसी स्थिति तब है जब शासन ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए प्रति बच्चे की राशि को बढ़ा दी हैं। यदि अधिकारी औचक किसी विद्यालय में मध्यान्ह भोजन वितरण के समय निरीक्षण पर पहुंचे तो उन्हें हकीकत का पता चल जाएगा।



### बच्चों का खीर सिर्फ मीनू में

कोरिया जिले के ज्यादातर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए निर्धारित मीनू का पालन नहीं किया जाता। दर्शित मीनू में प्रत्येक शनिवार को दूध के साथ खीर व गुड़ चना वितरण करने का उल्लेख हैं, लेकिन जिले के ज्यादातर स्कूलों में बच्चों का खीर सिर्फ दीवार पर दर्शित मीनू में ही बनता है हकीकत में शनिवार को कही खीर तो कही दाल चावल सब्जी ही मिलती है और कही कही अतिरिक्त में हलवा बना कर दिया जा रहा है।

## शिक्षक स्कूल से रहते हैं नदारद

मनेन्द्रगढ़। बिना विद्यालय गए ही सहायक शिक्षक का मिल रहा वेतन, जबकि विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर में शिक्षक के हस्ताक्षर की जगह को निरंक छोड़ा गया है। पूरा मामला एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लावाहोरी में स्थित प्राथमिक शाला लावाहोरी का है। इस विद्यालय में कुल 45 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय में दो शिक्षक पदस्थ हैं। मामले में ग्रामीणों का कहना है कि लावाहोरी स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं, इसमें एक शिक्षक कभी विद्यालय नहीं आते हैं ,इसके कारण कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवीं तक के छात्र एक ही कमरे में बैठकर एक ही शिक्षक के भरोसे पढ़ने को विवश हैं।

### जांच कराया जाएगा

कर्मचारियों का वेतन विद्यालय से आए हुए वेतन पत्रक (पे डाटा) के हिसाब से बनता है, वेतन पत्रक प्रधान पाठक के द्वारा बनाकर भेजा जाता है। यदि कहीं गड़बड़ी हुई है तो कल उपस्थिति रजिस्टर मंगवा कर जांच करवाता हूं।

**-इस्माइल खान,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 24 को

मनेन्द्रगढ़। आदिवासी छात्रों के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अध्ययन का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह एवं जमथान में कक्षा 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं एवं 11 वीं में रिक्त कुल 21 सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 18 अगस्त तक भरा हुआ आवेदन पत्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 24 अगस्त को प्रातः 11:30 से आयोजित की जाएगी।, जिसका केंद्र पोड़ीड़ीह स्थित एकलव्य विद्यालय रहेगा।


श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
(आदी बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं...
राजेश मलिक (गुड्डु)
कांग्रेस नेता, सरगुजा


श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
(आदी बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं...
रशीद अहमद अंसारी
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी,
अल्पसंख्यक विभाग, सरगुजा


श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
(आदी बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं...
उत्तम राजवाड़े
कांग्रेस नेता, सरगुजा


श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदी बाबा)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
राकेश गुप्ता
पूर्व जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा


जीवेत् शरदः शतम्
श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदी बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
शफी अहमद
नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर


श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी आदी बाबा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
रजनीश सिंह
कांग्रेस मंडल अध्यक्ष (अम्बिकापुर, शहर)
जिलाध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा,
खेल प्रकोष्ठ


जीवेत् शरदः शतम्
श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदी बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
शैलेन्द्र प्रताप सिंह
प्रदेश सचिव, कांग्रेस कमेटी (छ.ग.)


जीवेत् शरदः शतम्
श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी (आदी बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
दिलीप धर
कांग्रेस नेता, सरगुजा
विनीत :- मधुर मिलन परिवार, भगवानपुर अम्बिकापुर


आदरणीय आदित्येश्वर शरण सिंहदेव जी
"आदी बाबा" को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
विकल झा
जिलाध्यक्ष
युवा कांग्रेस, सरगुजा

